हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त 2025

11 नजारा देश का देखूं तो फूला नहीं समाता हूं: फतेहपुरी...



12 राजकीय कॉलेज के खेल मैदान में प्रशासन ने ट्रैक पर डाल रखे...



# हुडा सेक्टर की समस्याओं का हल ढूंढ़ने के लिए गली-गली छान रहे अधिकारी व कर्मचारी

- वर्ष 1998 में अस्तित्व में आए हुडा सेक्टर में शुरू से ही बनी है मूलभूत सुविधाओं की परेशानी, अब आरडब्ल्यूए जुटी समाधान कराने में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर की पॉश कॉलोनी हुडा सेक्टर एक की समस्याओं के निराकरण के लिए आजकल अधिकारी एवं कर्मचारी दल बनाकर गली-गली छान रहे हैं, ताकि वहां की समस्या को हल करने के लिए उसे रिपोर्ट में शामिल किया जा सके। यह सब आरडब्ल्यूए के नवनिर्वाचित प्रधान नरेश चौधरी एवं उनकी टीम से जुड़े जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागेदारी उपरांत हो रहा है। इन सभी का प्रयास है कि हुडा की समस्याओं का जड़ से निराकरण हो, ताकि यहां लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके आलीशान कोठियों में रहने वाले नागरिकों को किसी परेशान न हो और उन्हें गुड फिलिंग आ सके।

उल्लेखनीय है कि नारनौल शहर में डीसी रेजिडेंस के साथ हुडा का एक सेक्टर तैयार किया गया है, जो वर्ष 1998 से अस्तित्व में आया था। तभी से यहां कोठियां बनाकर लोग रहने लगे, लेकिन अफसोस की बात है कि यहां के लोग बेशक अपना गांव-गली छोड़कर यहां बस गए, लेकिन उन्हें पॉश कॉलोनी जैसी सुविधाएं कभी नहीं मिली। गंदगी, खरपतवार, आवारा पशु यहां आमबात है, वहीं सीवर समस्या इसके अस्तित्व के समय से ही चली आ रही है। बरसात में जलभराव बड़ी समस्या है। बरसात के इन दिनों में पार्कों में पानी भरा पड़ा है तथा सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। सड़कों पर जलभराव की समस्या है, जिसको लेकर हुडावासी लंबे समय से परेशान हैं। गत दिनों अस्तित्व में आई हुडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने प्रधान नरेश चौधरी के नेतृत्व में यहां की समस्याओं को हल कराने का फिर से बीड़ा उठाया है।

इसी के चलते गत 5 अगस्त को हुडावासियों ने लघु सचिवालय में प्रदर्शन कर डीसी डा. विवेक भारती को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन संज्ञान लेते हुए डीसी डा. भारती ने तत्काल ही एसडीएम नारनौल को यहां की समस्याओं का समाधान कराने के लिए आदेश जारी कर दिए। इस पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने उसी रोज दोपहर ढाई बजे नगर परिषद के डीएमसी रणबीर सिंह के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के अलावा नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, एक्शन व जेई, हुडा के एसडीओ व जेई, पब्लिक हेल्थ के एक्शन एवं जेई तथा सिंचाई विभाग के एसडीओ व जेई आदि भी मौजूद रहे।

इन चारों विभागों की एक संयुक्त टीम बनाकर हुडा के सेक्टर की एक-एक गली का मौका मुआयना करने का निर्णय लिया गया और इसी टीम ने उसी रोज हुडा सेक्टर का दौरा शुरू कर दिया। इस टीम का कार्य हुडा की समस्याओं वाले प्वाइंटों को नोट कर एक रिपोर्ट तैयार करना रहा। इस मुआयने के दौरान सामने आया कि हुडा में एचएसवीपी ने सीवर की सभी जगह पर लाइनें नहीं डाली हुई नहीं है। इसलिए जहां लाइनें नहीं हैं, वहां लाइन डलवाई जाएंगी। लाइन डालने का कार्य एचएसवीपी करेगा। अगले दिन यह मीटिंग पुनः हुई और धरातल पर जाकर कार्य करने को ही तवज्जो दी गई।

7 अगस्त को हुई मीटिंग में उक्त विभागों की ओर जूनियर इंजीनियर मौजूद रहे। जिनमें हुडा की तरफ से जेई दिनेश, पब्लिक हेल्थ की ओर से जेई अमित गोयल तथा नगर परिषद की ओर से जेई कृष्ण कुमार शामिल रहे, जबकि नगर पार्षद कपिल यादव एवं आरडब्ल्यूए प्रधान नरेश चौधरी समेत अन्य नागरिक भी इसमें शामिल रहे। आरडब्ल्यूए का उद्देश्य रहा कि इस टीम को हुडा की समस्याओं का एक-एक प्वाइंट नोट करवाया जाए, ताकि आने वाले दिनों में इन प्वाइंटों की समस्या हल हो सके तथा कोई समस्या शेष न बचे। अब उसी एक-एक प्वाइंट को तैयार कर एक विस्तृत रिपोर्ट बनाई जा रही है।





नारनौल। हुडा सेक्टर में सड़क पर भरा बरसात का पानी व लोगों के बीच जाकर हुडा की समस्या जानते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पार्क पानी से भरे पड़े हैं

हुडा में जलभराव भी बड़ी समस्या है। यहां के सभी पार्कों में इन दिनों बरसात का पानी भरा पड़ा है। यह तब है, जब पिछले साल ही शहीद उधम सिंह पार्क में करीब 8 वर्षीय एक बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो चुकी है। इस मौत के बाद भी हुडा अधिकारी, नगर परिषद एवं प्रशासनिक अधिकारी चेते नहीं हैं और समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है। पार्कों ही नहीं, सड़कों एवं घरों के आगे भी जलभराव की समस्या है। इससे लोगों का कई जगहों पर घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

### यह बोले प्रधान

आरडब्ल्यूए के प्रधान नरेश चौधरी ने बताया कि हुडा की समस्याओं के निराकरण के लिए आजकल युद्ध स्तर पर कार्य चला हुआ है। अधिकारी खुद मौके पर आकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। छोटी–मोटी समस्याएं अगले दस दिन में हल करने की उम्मीद है। हुडा प्रशासक ने दो माह का समय मांगा है।

### सीवर है सबसे बड़ी समस्या

इस सारी प्रक्रिया के दौरान देखने में आया है कि हुडा की सबसे बड़ी एवं प्राचीन समस्या सीवर की है। सीवर लाइनें चॉक होने से जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो होते रहते हैं और इससे लोगों को नरक समान जीवन जीने को बाध्य होना पड़ रहा है। सीवरेज समस्या आज की नहीं, बरसों पुरानी है और यह समस्या लाख कोशिशों के बावजूद ज्यों की त्यों खड़ी है। हुडा भी अब तक इसमें कोई खास सफलता हासिल नहीं कर पाया है और जब भी कभी ग्रीवेंस कमेटी की मासिक मीटिंग होती है तो उसमें यहां की सीवर समस्या का मुद्दा जरूर उछलता रहा है। अब भी लोगों के घरों के दरवाजों के सामने सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं तथा इनकी गंदगी बरसाती पानी के साथ सड़कों पर बहती रहती है। जब वाहन सड़कों से चलते हैं तो इस गंदगी के छींटे वहां से गुजरने वाले लोगों को लगते रहते हैं। हुडा की सीवर समस्या के लिए इससे जुड़ी एसटीपी का बंद होना भी बड़ी समस्या है।

### यह बोले जेई

*हुडा के जेई दिनेश कुमार ने बताया कि हुडा की समस्याओं की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। आगे उसी रिपोर्ट के आधार पर कार्य किए जाएंगे। एक-एक प्वाइंट की समस्या को हल किया जाएगा, ताकि कहीं भी कोई समस्या न रहे। सीवर एवं ड्रनेज की समस्या थोड़ी ज्यादा है। इसलिए इसमें करीब दो माह का समय लग सकता है।*

## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में काउंसलिंग आज

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में रिक्त सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग 11 अगस्त को की जाएगी। पीजी कॉलेज के दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. सतीश कुमार सैनी ने बताया कि 11 अगस्त प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में रिक्त सीटों हेतु फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिल समाधान शिविर कल

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान हेतु 12 अगस्त को विशेष बिजली अदालत व बिजली बिल समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर बिजली बोर्ड के सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि उपभोक्ता इस अवसर पर अपनी बिजली कनेक्शन से जुड़ी शिकायतें व बिल संबंधी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे।

### भड़फ में कुओं से 590 फुट बिजली केबल चोरी

**कनीना।** गांव भड़फ में अज्ञात चोरों ने पांच कुओं से 590 फुट लंबी बिजली की केबल काटकर चोरी कर ली। पिछले दिनों कनीना में भी छह किसानों के कुओं से केबल चोरी की गई थी। वहीं उच्चत में किसानों के एल्युमीनियम के पाइप चोरी किए गए थे। चोरी की घटनाओं पर विराम नहीं लगने से किसाना चिंतित हैं।

## दोस्त को कनीना छोड़कर वापस लौट रहा था घर, हुआ सड़क हादसा

# कनीना में नेवी जवान की बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

शनिवार रात करीब नौ बजे वह अपने दोस्त कुलदीप को बस में बैठाने के लिए बाइक से कनीना छोड़ने के लिए गए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल/कनीना

कनीना में नेवी के जवान की बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीब 26 वर्षीय गांव धनौंदा निवासी रवि कुमार इंडियन नेवी में तैनात थे और चार दिन पहले ही रक्षाबंधन की छुट्टी लेकर अपने गांव धनौंदा आए थे। शनिवार रात को करीब साढ़े सात बजे वह अपने दोस्त कुलदीप को बस तक छोड़ने बाइक से कनीना गए थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कनीना अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया।

बता दें कि कनीना के गांव धनौंदा के रहने वाले करीब 26 वर्षीय रवि कुमार तीन साल पहले ही इंडियन नेवी में भर्ती हुए थे तथा फिलहाल उसकी ड्यूटी मुंबई में थी। जहां से चार दिन पहले वह रक्षाबंधन पर छुट्टी लेकर अपने गांव धनौंदा आए हुए थे।

शनिवार रात करीब नौ बजे वह अपने दोस्त कुलदीप को बस में बैठाने के लिए बाइक से कनीना छोड़ने के लिए गए थे। कुलदीप किसी कंपनी में लगा हुआ है, जो अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। दोस्त को कनीना छोड़ने के बाद जब वह वापस आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रक की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क पर गिरते ही रवि का सर फट गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर अपना ट्रक छोड़कर फरार हो गया।





नारनौल। रवि कुमार व हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रक। फोटो : हरिभूमि

### तीन महीने पहले हुई थी शादी

मृतक के भाई प्रवीण कुमार ने बताया कि तीनों भाइयों में रवि सबसे छोटा था और 22 अप्रैल को ही उनकी शादी राजस्थान में हुई थी। वह चार दिन पहले ही छुट्टी लेकर आया था और शनिवार रात को अपने दोस्त कुलदीप को कंपनी में जाने के लिए कनीना छोड़कर वापस लौट रहा था।

### मौके पर पहुंची पुलिस

*हादसे के बाद ही रात को ही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गई। रवि ने, जो बाइक ले रखी थी, उसका नंबर नारनौल का था। जिससे लोगों ने उनकी पहचान कर कर ली। हादसे के बाद रात को मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसको पोस्टमॉर्टम के लिए कनीना अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया था। इसके बाद रिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की।*



मंडी अटेली। पलटी कार से ड्राइवर को बाहर निकलते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सामने कुत्ता आने से पलटी कार, बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

रविवार सुबह नारनौल से रेवाड़ी नेशनल हाईवे अटेली बाईपास पर एक निजी कॉलेज के समीप स्विफ्ट गाड़ी के सामने आवारा कुत्ता आने से गाड़ी पलट गई।

जानकारी के अनुसार नारनौल क्षेत्र का एक परिवार नेशनल हाईवे से रेवाड़ी जा रहा था। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे स्विफ्ट गाड़ी के सामने एक आवारा कुत्ता आ गया। ड्राइवर ने जल्दी से गाड़ी के ब्रेक लगा दिए।


ब्रेक लगाने के बाद गाड़ी उसी वक्त पलटी खा गई। उसके बाद वहां आसपास के दुकानदारों ने जल्दी से गाड़ी से ड्राइवर के साथ उसकी पत्नी एवं दो बच्चों को सही सलामत बाहर निकाला। उसके बाद सभी दुकानदारों ने मिलकर नीचे पलटी खाई हुई गाड़ी को सीधा भी किया। इस हादसे में गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई।

## लापता व्यक्ति का शव पंप हाउस से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

लापता हुए एक व्यक्ति की लाश रविवार को सुबह एक पंप हाउस के पास मिली। लोगों ने जब लाश ऊपर तैरती देखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

मृतक की पहचान मध्यप्रदेश निवासी प्रवासी मजदूर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सिंघाना रोड पर केशव नगर में रहने वाला मूल रूप से मध्यप्रदेश के दमोह निवासी सोनू अहीरवार शनिवार शाम को घर से कहीं चला गया था। जिसके बाद वह रात को वापस नहीं आया। इस पर परिजनों ने उसकी कई जगह तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। रविवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसके निवास से करीब दो किलोमीटर दूर मोहल्ला दयानगर के एनडी टू पंप हाउस की नहर में लोगों ने एक शव को देखा। लोगों ने शव को देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकाला तथा उसकी शिनाख्त की, तो पहचान सोनू अहीरवार के रूप में हुई।



नारनौल। पंप हाउस में तैरता शव। फोटो: हरिभूमि

## वैग्नार की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नंगली-भोजावास नहर के समीप बाइक एवं वैग्रार के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार करीब 22 वर्षीय युवक हर्ष कुमार वासी अटेली की मौत हो गई।

जानकारी मुताबिक हर्ष कुमार अविवाहित था और वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके मामा अजय ने बताया कि हर्ष बाइक से किसी काम से शनिवार देर शाम कहीं जा रहा था। जब वह नंगली भोजावास रोड पर नहर के नजदीक शिमली गांव के कट पर था, तब तेज रफ्तार वैग्रार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सड़क पर गिरने से उसे काफी चोटें लगी, उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वैग्रार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत नागरिक अस्पताल नारनौल से शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

## भैंसे के टकराने से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली से बाइक से अपने घर वापस लौट रहे युवक को बीच रास्ते में भैंसे ने टक्कर मार दी। इस टक्कर से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और युवक नीचे गिर गया।

जानकारी के अनुसार ताजपुर निवासी 28 वर्षीय साहिल अटेली में एक दुकान पर कार्य करता था। शनिवार सायं लगभग साढ़े सात बजे वह दुकान से अपने घर जा रहा था। तभी वह ताजपुर नहरी पानी की डिग के पास पहुंचा तो सामने से आ रही गाड़ी से साइड लेते वक्त सड़क के समीप खड़े भैंसे ने साहिल को टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर नीचे गिर गई।

इस टक्कर से युवक की आंतें फट गई। उसी समय युवक को लोगों की सहायता से उसको रेवाड़ी ले जाते समय बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## नगर परिषद की अनदेखी से बदहाल वार्ड एक का गौरवशाली पार्क खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

- लोगों में आक्रोश, आगामी नगर परिषद चुनावों में बहिष्कार का ऐलान

नगर परिषद के वार्ड नंबर एक ढाणी किरारोद अफगान में स्थित गांव का एक समय का नंबर एक पार्क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पंचायत काल में निर्मित यह पार्क लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र व बच्चों के खेलने, बुजुर्गों के टहलने का प्रमुख स्थल हुआ करता था, लेकिन नगर परिषद में गांव को शामिल कर वार्ड नंबर एक बनाए जाने के बाद से यहां किसी प्रकार का विकास कार्य नहीं हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले तीन वर्षों से पार्क में न तो सफाई हुई है और न ही रखरखाव। जगह जगह घास फूस व कांटेदार झाड़ियां उग आई हैं, जिसके कारण लोग यहां आना बंद कर चुके हैं। इस दौरान पार्क की दुर्दशा का निरीक्षण करने पहुंचे मास्टर अमीचंद, लीलाराम, मदनलाल सैनी, आशीष सैनी, हंसराज सैनी, अमित कुमार, दीपक सैनी ने नगर परिषद व पार्षद की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस संबंध में कई बार नगर परिषद चेयरपर्सन व अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पार्क की मरम्मत, सौंदर्यीकरण व रखरखाव का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे न केवल विरोध प्रदर्शन करेंगे, बल्कि आगामी नगर परिषद चुनाव में पूरे गांव की ओर से मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।



नारनौल। पार्क में उगी खरपतवार दिखाते लोग। फोटो : हरिभूमि

## नपा के एक जेई के माध्यम से फर्जी प्रॉपटी आईडी बनाई: नपा प्रधान

# प्रधान पद से हटाने के लिए राजनीतिक साजिश: सैनी

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता की। चेयरमैन रमेश सैनी ने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत कुछ पार्षद उसे प्रधान पद से हटाना चाह रहे हैं। वे जिस जमीन पर रह रहे हैं तथा जिस पर उनका जन्म हुआ, उस जमीन की नपा के एक जेई के माध्यम से फर्जी प्रॉपटी आईडी बनाई गई, जिसके आधार पर उस पर जमीन कब्जाने के झूठे आरोप लग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को नपा सचिव द्वारा उसे लैटर दिया गया कि आपके द्वारा नपा की जमीन अवैध रूप से कब्जा रखी है। इसकी एक शिकायत वार्ड नंबर सात की पार्षद के देवर ने भेजी थी। इस शिकायत के आधार पर मिले नोटिस का जवाब उन्होंने डीएमसी व डायरेक्टर को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि यह केवल कुछ पार्षदों की सोची समझी शिकायत थी। उन्होंने कहा कि जिस जगह की शिकायत की गई है, उस जगह की एक फर्जी आईडी नगर पालिका की बनाई गई। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में नगर पालिका की जमीन की कोई भी प्रॉपर्टी आईडी नहीं है। केवल एक ही आईडी यह बनाई गई है, जो उसकी जमीन है। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक साल पहले एक जेई मनोज कुमार की शिकायत की थी, क्योंकि उपरोक्त अधिकारी एनडीसी जारी करता था, जो खुद ही प्रॉपर्टी आईडी बनाता था।

उन्होंने आरोप लगाया कि वह वह भ्रष्ट अधिकारी था तथा लोगों से लाखों रुपये लेकर फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाता था। उन्होंने बताया कि जिस जमीन की शिकायत की गई है। उस जमीन पर ही उसका जन्म हुआ था। उस जमीन पर 2012 से एक स्कूल चलाया जा रहा है। उस जमीन को ताऊ के द्वारा लीज पर 23 साल के लिए लिया था। जिस पर सभी औपचारिकताएं पूरी की गई थी। जिसके बाद एनओसी ली गई। उसकी मान्यता ली तथा आज भी वह स्कूल वहां पर चल रहा है, मगर अब राजनीति साजिश की जा रही है कि किसी तरह प्रधान को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ पार्षद नहीं चाहते है कि शहर का विकास सही प्रकार से हो। जिसके चलते नपा के ग्रुप में वे अधिकारियों को धमकाते हैं। किसी कार्य होने या उसके शुरू होने पर उसकी शिकायत कर देते हैं। वे लगातार अधिकारियों की शिकायत करते हैं। इसलिए अधिकारी भी यहां पर आने से कतराने लगे हैं, मगर वे किसी प्रकार समझाकर उनको बताते हैं कि यहां पर सब सही होगा तथा अधिकारियों को यहां रोकते हैं। उन्होंने शहर में विकास कार्य नहीं होने पर पार्षदों को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि पार्षद ही नहीं चाहते कि शहर में विकास हो। पार्षद इसको लेकर आपस में शिकायतबाजी करते हैं।



महेंद्रगढ़। रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता करते प्रधान रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

गधे के दूध से बना पनीर दुनिया का सबसे महंगा पनीर होता है जिसकी कीमत 80,000/किलोग्राम तक होती है।

सीहोर्स इकलौती ऐसी प्रजाति है जिनमें मादा गर्भवती न होकर नर गर्भवती होते है और बच्चों को जन्म देते हैं।

# अग्नि पथ योजना के तहत नौकरी पाकर बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

अगर आप भी भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं मगर अग्निवीर योजना क्या है? आपको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है तो परेशान ना हो। आज हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। आपको बता दे कि सेना के तीनों अंगों में अब भर्तियां अग्नि वीर योजना के तहत की जाती है। सरकार की तरफ से एक नई योजना शुरू की गई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना। इस योजना के तहत युवाओं को हमारे देश की तीनों सेनाओ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में नौकरी दी जाती है। अग्नि वीर योजना की योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और वेतन के साथ मिलने वाले फायदे आदि के बारे में समझते हैं।

## क्या है योजना

इस योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवारों को अग्नि वीर कहा जाता है तथा सरकार की इस स्कीम में रिटायरमेंट का प्रावधान है। केंद्र सरकार का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीर खुद का कारोबार करने से लेकर नौकरी तक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें राज्य सरकारों की तरफ से सहायता भी मिलेगी। अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती होने वाले सेना के जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। हालांकि शुरुआत में इस योजना का कड़ा विरोध किया गया था। योजना के तहत जवानों की आयु सीमा 17.5 साल से 21 साल तय की गई है। ऐसे में बहुत से युवाओं का सेवा में शामिल होने का सपना टूट गया, जिसको लेकर भयंकर आक्रोश देखा गया।

## क्या होती है प्रक्रिया

अग्निपथ योजना के माध्यम से अब आठवीं, दसवीं व बारहवीं पास युवाओं को सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना या नौसेना, वायु सेना में अग्निवीर के रूप में 4 साल तक पेशेवर सैनिक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत भविष्य में मेरिट और संगठन की जरूरत को देखते हुए 25 प्रतिशत तक अग्निवीर सैनिकों को सेना में 4 वर्ष की सेवा के बाद भी रिटेन किया जाएगा। वहीं चार साल की नौकरी के बाद बाकी के 75 प्रतिशत युवाओं को एक मुश्त राशि के साथ-साथ सरकार की ओर से तकनीकी योग्यता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता अनुसार नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार नियमित संवर्ग में भर्ती के लिए वॉलन्टियर के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं।

## अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया

अगर इस बारे में बात करें की अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति किस प्रकार होगी तो आपको बता दें कि अग्निपथ भर्ती योजना के तहत उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन होगा। अग्निपथ पात्रता मानदंड के मुताबिक अग्निपथ भर्ती योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड के साथ कुल 4 वर्षों के लिए स्शस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही की जाएगी।

## महिलाएं भी कर सकती हैं आवेदन

### तीनों अंगों में होती भर्ती

इस योजना की विशेषता ये है कि इस योजना के तहत न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। युवा इस योजना के माध्यम से सेना के तीनों प्रमुख अंग यानि कि थल सेना, वायु सेना और नौ सेना में नियुक्ति पा सकते हैं और देश सेवा कर सकते हैं। अगर हम अग्नि वीर की सैलरी के बारे में बात करें तो उन्हें कई तरह के भत्ते और वेतन दिया जाता है। अग्निवीरों को तीन सेवाओं में जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ एक आकर्षक कस्टमाइज्ड मासिक पैकेज मिलता है। चार साल की सेवा अवधि पूरी होने पर, अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज की पेमेंट की जाती है। सेवा निधि राशि इनकम टैक्स से फ्री होती है।

### इस प्रकार मिलती है सैलरी

वहीं अग्निपथ स्कीम सैलरी की बात करें, तो अग्निपथ स्कीम के तहत पहले साल युवाओं को 30 हजार रूपए प्रति महीने दिए जाएंगे, जिसमें से लगभग 9000 रूपए उनकी मासिक आय से काट ली जाएगी और उसे उनके बचत खाते में जमा किया जाएगा। इसके बाद उतना ही हिस्सा सेना भी उनकी सेविंग में जमा करेगी। हर साल सैलरी बढ़ने के साथ-साथ बचत खाते में जमा की जाने वाली रकम मैं भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही 4 साल बाद जब ये युवा सेना से रिटायर होंगे, तब उन्हें लगभग 11,70,000 सेवा निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीरों का वेतन पैकेज पहले वर्ष 4.76 लाख रुपये व अंतिम वर्ष का पैकेज 6.92 लाख रुपये होगा। इसके अतिरिक्त सेना ऐसे युवाओं कों एक विशेष सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी जिसकी वजह से उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

### सैलरी के अलावा अग्निवीर योजना के फायदे

विभिन्न राज्यों ने अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता देने के बारे में कहा भी हैं। इन सब के अलावा अग्निवीरों का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदाई जीवन बीमा भी किया जाएगा। इस प्रकार अग्नि वीरों को कई तरह के बेनिफिट दिए जाएंगे। वहीं यदि सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो जवान के परिवार को 44 लाख रुपये दिए जाएंगे। इन 44 लाख रुपयों के अलावा सरकार ऐसे शहीदों के बचे हुए सेवाकाल (अधिकतम 4 साल) के वेतन को भी प्रदान करेगी। साथ ही अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती हुए जवानों को मिलने वाली सेवानिधि भी, शहीद के परिवार को प्रदान कर दी जाएगी।

---

बी-कॉम तीन वर्षों की स्नातक डिग्री, चमका सकती है आपका करियर

# बी कॉम के बाद करियर के विकल्प : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सुनहरे अवसर मौजूद

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## वित्तीय प्रबंधन व कॉर्पोरेट जगत की समझ दे रही

अक्सर देखने में आता है कि बी-कॉम करने के बाद छात्र करियर को लेकर काफी संजीदा हो जाते हैं। जेहन में कई तरह के साल उठते हैं कि अब क्या करें। यानी करियर कैसे बनाएं। अगर आपने भी बी-कॉम किया है तो घबराएं नहीं और सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाते हुए आपने करियर को नई उड़ान दें। इससे आप आपने सुनहरे भविष्य को चमका सकते हैं। बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बी-कॉम तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को व्यवसाय, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट वातावरण की मूलभूत समझ देती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार। वहीं, बी कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम इन विषयों का और अधिक गहन अध्ययन कराता है, जहां छात्र किसी एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं जैसे कि फाइनेंस, टैक्सेशन, बैंकिंग या अकाउंटिंग। बी-कॉम का यह बहुआयामी ढांचा छात्रों को उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और कॉर्पोरेट नौकरियों की तैयारी के लिए उपयुक्त बनाता है।

*फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिजनेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार में अपार संभावनाएं*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बी-कॉम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन जब तक छात्र व्यावहारिक और इंडस्ट्रियल स्किल्स नहीं विकसित करते, तब तक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वर्तमान समय में कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षताओं से भी लैस हों। चाहे वह एक फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी हो या किसी स्टार्टअप में ऑपरेशंस की भूमिका, हर जगह कुशलता की मांग है।



### स्टार्टअप्स

- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- अकाउंट्स ऑपरेटर
- एडमिन सहायक

## इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

### प्रभावशाली संवाद कौशल

- **डिजिटल दक्षता:** एम एस एक्सेल, टैली, क्विक बुक्स
- डेटा अनालिसिस एवं एम आई एस रिपोर्टिंग
- कार्य योजना और समय प्रबंधन
- प्रोफेशनल एटीकेट्स और ईमेल लेखन
- बेसिक बिजनेस एथिक्स और ग्राहक सेवा दृष्टिकोण
- ये सभी स्किल्स आज ऑनलाइन

### निजी क्षेत्र में जॉब के लिए ऑप्शन

- एकाउंटिंग फर्म
- जी एस टी असिस्टेंट
- टैक्स क्लर्क
- जूनियर अकाउंटेंट

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए जॉब प्रोफाइल की व्यापकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, बीमा, रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, सप्लाई चेन, ह्यूमन रिसोर्सेज और एडटेक जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। अगर वेतन की बात करे तो, निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्री धारको के लिए आरंभिक वेतनमान 18,000–30,000 रुपये मासिक के बीच होता है। वहीं अनुभवी प्रोफेशनल्स 40,000–80,000 रुपये मासिक या उससे अधिक कमा सकते हैं।

## कॉरपोरेट सेक्टर

- एमआई एस एग्जीक्यूटिव
- अकाउंट्स असिस्टेंट
- रिक्रूटमेंट कोऑर्डिनेटर

### डिजिटल व ई-कॉमर्स

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- सोशल मीडिया सहायक
- एसइओ विश्लेषक

### बीमा व वित्त संस्थान

- लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर
- सेल्स रिलेशनशिप मैनेज

### बीपीओ / केपीओ

- डाटा विश्लेषक
- बैंक ऑफिस सहायक
- ग्राहक सेवा कार्यकारी

## सरकारी क्षेत्र में नौकरी के ऑप्शन

- सरकारी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए नौकरियों की संख्या एवं विविधता अत्यंत अधिक है। बैंकिंग, बीमा, डाक विभाग, रेलवे, रक्षा सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं हर वर्ष हजारों रिक्तियां जारी करती हैं। सरकारी क्षेत्र में एक बीकॉम डिग्री धारक को प्रारंभिक वेतनमान 30,000–45,000 रुपये मासिक मिल सकता है। वहीं अनुभव के साथ यह वेतन 70,000–1,20,000 रुपये मासिक तक संभव है।

### इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

#### बैंकिंग और बीमा क्षेत्र

- एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर /क्लर्क
- आईबीपिएस प्रोबेशनरी अफसर/क्लर्क
- आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट
- एलआईसी अकाउंट अफसर
- असिस्टेंट मैनेजर

#### यूपीएससी सेवाएं

- आईऐएस
- आईपीएस
- आईईएस
- आईआरएस

#### राष्ट्रीय एवं राज्य स्टाफ सिलेक्शन कमीशन

- इनकम टैक्स असिस्टेंट
- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- ग्राम सचिव
- जूनियर अकाउंटेंट
- टैक्स इंस्पेक्टर

#### रक्षा सेवाएं

- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

#### डाक विभाग

- पोस्टल असिस्टेंट
- सॉर्टिंग असिस्टेंट

#### भारतीय रेलवे

- अकाउंट्स क्लर्क
- जूनियर टाइमक कीपर

## उच्च अध्ययन के विकल्प

| पाठ्यक्रम | विवरण |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंसी | आईसीऐआई द्वारा संचालित, लेखा और टैक्स विशेषज्ञता |
| कंपनी सेक्रेटरी | आईसीएसआई द्वारा संचालित, कॉर्पोरेट लॉ और कंपनी गवर्नेंस |
| कॉस्ट मैनेजमेंट | अकाउंटेंट लागत नियंत्रण व प्रबंधन के लिए |
| एमबीए | प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों हेतु |
| एम कॉम | शिक्षा, शोध के लिए आवश्यक |
| एलएलबी | टैक्स लॉ, कॉर्पोरेट लॉ में करियर हेतु |

### संभावनाओं का समंदर

बी कॉम सिर्फ एक डिग्री नहीं बल्कि संभावनाओं का समंदर है। अगर छात्र इस पाठ्यक्रम को ईमानदारी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से करें, आवश्यक कौशलों का निर्माण करें, और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें, तो वे नौकरी, व्यवसाय, या उच्च शिक्षा, किसी भी मार्ग में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

---

# सर्वश्रेष्ठ करियर पथ और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के युग में, जहां प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों ही चरम पर हैं, छात्रों के सामने अपने करियर का सही रास्ता चुनने की चुनौती होती है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए, करियर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने और उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए है, साथ ही यह भी समझाने के लिए कि मानसिक स्वास्थ्य उनके करियर की नींव है। हर छात्र का एक सपना होता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, तो कोई कलाकार। लेकिन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सपनों को सच करने के लिए मेहनत और विश्वास चाहिए।

## अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें

उदाहरण: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी मेहनत और विज्ञान के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का गौरव बनाया। अपने सपनों को पंख दें, जैसे कलाम साहब ने दिए! करियर चुनते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

**अपनी रुचि को पहचानें:** करियर का चुनाव करते समय सबसे पहले यह समझें कि आपको किस क्षेत्र में रुचि है। क्या आपको विज्ञान, कला, तकनीक या सामाजिक कार्य पसंद है? अपनी रुचि को समझकर आप उस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जहां आपका मन लगे।

**अपने कौशल का मूल्यांकन करें:** हर व्यक्ति में कुछ खास प्रतिभाएं होती हैं। अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें। अगर आप गणित में अच्छे हैं, तो डेटा साइंस या इंजीनियरिंग आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आप रचनात्मक हैं, तो डिजाइनिंग या लेखन जैसे क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

**मार्गदर्शन लें:** शिक्षकों, माता-पिता, या करियर काउंसलर से सलाह लें। आजकल ऑनलाइन कई संसाधन उपलब्ध हैं, जैसे कि करियर टेस्ट और विशेषज्ञों की सलाह, जो आपको सही दिशा दिखा सकते हैं।

**लंबे समय के लिए सोचें:** करियर चुनते समय केवल तात्कालिक लाभ न देखें। यह सोचें कि क्या यह करियर आपको 10-20 साल बाद भी खुशी और संतुष्टि देगा। भविष्य में नौकरी की मांग और तकनीकी प्रगति को भी ध्यान में रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य: आपकी सबसे बड़ी ताकत:** करियर की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह आपकी सफलता की कुंजी है। एक स्वस्थ मन ही आपको कठिन परिस्थितियों में मजबूत बनाता है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

**तनाव को प्रबंधित करें:** पढ़ाई और करियर की योजना बनाते समय तनाव होना स्वाभाविक है। लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन), या योग करें। गहरी सांस लेने की तकनीक भी तनाव कम करने में मदद करती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** नकारात्मक विचारों से बचें। अगर आप किसी परीक्षा या साक्षात्कार में असफल हो जाते हैं, तो इसे अंत न समझें। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एक समय सारणी बनाएं

**संतुलन बनाएं:** पढ़ाई के साथ-साथ अपने शौक और सामाजिक जीवन को भी समय दें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**मदद मांगें:** अगर आपको लगता है कि आप तनाव, चिंता या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से सलाह लेना कोई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आपकी ताकत को दर्शाता है।

**सपनों और स्वास्थ्य का संतुलन :** करियर की राह में सफलता तभी मिलेगी जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना न भूलें। निम्नलिखित सुझाव दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे:

**समय प्रबंधन:** पढ़ाई, विश्राम और मनोरंजन के लिए समय का उचित बंटवारा करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें।

**स्वस्थ जीवनशैली:** अच्छा खान-पान, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम आपके शरीर, दिमाग को ऊर्जा देंगे।

**छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़े सपनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें। हर छोटी उपलब्धि आपको आत्मविश्वास देगी।

**आभार व्यक्त करें:** अपने जीवन की अच्छी चीजों के लिए आभार प्रकट करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जस्टिस पार्टी आंदोलन, मद्रास से कौन संबंधित नहीं है?
(ए) सी. एन. मुदालियार
(बी) टी. एम. नायर
(सी) पी. त्यागराजन चेट्टी
(डी) ज्योतिबा फूले

**2.** द्रविड़ कड़गम / द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के संस्थापक थे
(ए) अन्नादुरै
(बी) सी. एन. मुदालियार
(सी) टी. एम. नायर
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्न में से कौन फरवरी 1918 में स्थापित यू. पी. किसान सभा की स्थापना से संबद्ध नहीं था?
(ए) इंद्र नारायण द्विवेदी
(बी) गौरी शंकर मिश्र
(सी) जवाहरलाल नेहरु
(डी) मदन मोहन मालवीय

**4.** भील सेवा मंडल (1922) की स्थापना किसने की?
(ए) अमृतलाल विट्ठलदास
(बी) महात्मा गाँधी
(सी) सी. एफ. एण्ड्रूज
(डी) विनोबा भावे

**5.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम कब पारित हुआ?
(ए) 1935 ई० में
(बी) 1945 ई० में
(सी) 1955 ई० में
(डी) 1965 ई० में

**6.** 'आधुनिक युग का मनु' किसे कहा जाता है?
(ए) एम. जी. राणाडे
(बी) बी. आर. अंबेडकर
(सी) बी. एन. राव
(डी) महात्मा गाँधी

**7.** महाराष्ट्र में वासुदेव बलवंत फड़के का विद्रोह कब हुआ?
(ए) 1870 ई० में
(बी) 1875 ई० में
(सी) 1879 ई० में
(डी) 1889 ई० में

**8.** विशुद्ध गाँधीवादी तरीके से लड़ा गया पहला आदिवासी अहिंसक विद्रोह था
(ए) टाना भगत आंदोलन
(बी) चंपारण का नील सत्याग्नह
(सी) गुजरात का खेड़ा सत्याग्रह
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(सी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

**खबर संक्षेप**



## लोक जनशक्ति पार्टी के जिला प्रधान बने हिमांशु

**नांगल चौधरी।** यादव धर्मशाला में लोक जनशक्ति पार्टी रामबिलास पासवान की बैठक प्रदेश महासचिव अनिल हरित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कौशिक व उपाध्यक्ष अंकुश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने जिला स्तरीय नियुक्ति करने के बाद हलका लेवल पर संगठन खड़ा करने के दिशानिर्देश दिए हैं। सदस्यता अभियान की रूपरेखा बनाई गई तथा पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिलने के बाद सभी जिलों में संगठन खड़ा करने की रूपरेखा बनाई गई है। जिले का नेतृत्व हिमांशु यादव को सौंपा गया है। कुलदीप शर्मा को उपाध्यक्ष तथा किशनलाल शर्मा को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। पार्टी ने युवाओं को सक्रिय राजनीति में उतारने का निर्णय लिया है, क्योंकि समग्र विकास के लिए गांव स्तर पर पहुंचने की जरूरत है।

## रोडवेज बस में गुम हुआ पर्स लौटाया, महिला खुश

**नारनौल।** रोडवेज की बस नारनौल से रेवाड़ी वाया भोजावास में एक महिला का पर्स रह गया, जो कि गुड़गांव जा रही थी। वह पर्स चालक मनोज मेई तथा तेजपाल परिचालक बैरावास को मिला, जिन्होंने इसकी सूचना रेवाड़ी इंक्वारी में दी कि कोई भी सवारी सामान गुम होने के बारे में पूछताछ करे तो हमारे कांटेक्ट नंबर दे देना। वहीं दूसरी तरफ जिस महिला का पर्स गुम हुआ था, वह सुरजनवास खेड़ा गांव की रहने वाली थी। इसी गांव के चालक/परिचालक भी हरियाणा रोडवेज नारनौल डिपो में कार्यरत थे, जिस पर उस महिला ने अपनी टिकट उनके पास व्हाट्सएप की तो चालक/परिचालक नंबर के आधार पर उनसे कांटेक्ट किया गया। जिस पर उन्होंने बताया कि हमें सामान मिला है। इस पर उस महिला ने अपने भाई को महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर भेजा और वहां हरिकिशन इंस्पेक्टर स्टैंड इंचार्ज तथा राकेश माजरा चेकिंग स्टाफ की मौजूदगी में पूछताछ की गई कि पर्स में क्या-क्या सामान था तो उन्होंने बताया कि पर्स में कुल 3600 रुपये हैं तथा 3 तोला सोने की चेन है, जो कि सही पाए जाने पर उनको लौटा दिया गया।

## लालगिरी आश्रम पर मंदिर व हॉल का निर्माण शुरू

**कनीना।** कनीना में बाबा लालगिरी आश्रम पर मंदिर निर्माण व हॉल का पुनः जीर्णोद्वार कार्य रविवार भाद्रपद प्रतिपदा तिथि को प्रारंभ किया गया। जिसमें पार्षद नितेश ने पूजा अर्चना के बाद मंदिर की नींव रखी। मोहन सिंह ने बताया कि इस कार्य में प्रबुधजनों ने सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर पंहुचे गणमान्यजनों ने नकद राशि प्रदान कर कार्य करने की बात कही। जगमाल बोहरा ने दो लाख रुपये, बिट्टु राव ने 100 कट्टे सीमेंट, नितेश गुप्ता ने 31 हजार, महिला सत्संग मंडल ने 21 हजार, मनीष पार्षद ने 5100, संतोष देवी ने 2100, मोहन सिंह ने 2100, रामप्रताप ने 1100 रुपये का सहयोग दिया।

# नजारा देश का देखूं तो फूला नहीं समाता हूं: फतेहपुरी, शिक्षक ट्रस्ट का जश्न-ए-आजादी कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में रविवार को जश्न ए आजादी काव्य उत्सव का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जनमानस में जागृत करना व आजादी के महान पर्व को साहित्यिक माध्यम से मनाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट राता वाले थे। अध्यक्षता हास्य कवि हलचल हरियाणवी ने की। विशिष्ट अतिथि मुकेश देवी यादव व सरस्वती स्कूल संचालक मुकेश शर्मा थे। मंच संचालन ओशीन शुक्ला व डॉ. संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत हलचल हरियाणवी की कविता सबसे पहले करें उनका शुक्रिया, जान देकर भी हमसे कुछ न लिया पेश कर शहीदों को नमन किया। बहादुरगढ़ से कवियित्री सुमन महेश्वरी जाजू ने लाल किले की प्राचीर से गूंजे जय जय गीत गाकर कार्यक्रम में अपनी शानदार उपस्थिति दी। इसके बाद मंच पर आए कवि त्रिलोक चंद फतेहपुरी ने अपनी वीर रस से भरपूर कविता देश सेवा का व्रत लेकर फर्ज अपना निभाते हैं, पेश की तो माहौल देश भक्ति के रंग से सरोबार हो गया। नेमीचंद शांडिल्य की रचना गौरों और गद्दारों ने मिलकर लूट मचाई थी प्रस्तुत की। वहीं सुन्दर लाल, शुभराम शास्त्री खालेटा, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज की कविता ने सभागार में जोशीला माहौल पैदा कर दिया। इसके अतिरिक्त अशोक योगी शास्त्री, मदन मोहन कौशिक ने भी माहौल प्रबल कर दिया। ओशिन शुक्ला की कविता जान लुटाकर चले हम वतन पर सनम की हर पंक्ति पर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।



नारनौल। कार्यक्रम में अतिथिगण को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व सैनिक का हुआ विशेष सम्मान

काव्य उत्सव में विशेष सम्मान के रूप में पूर्व सैनिक को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। ट्रस्टी नरोत्तम सोनी व दिनेश शर्मा ने बताया कि सूबेदार मेजर रोहतास शर्मा को ट्रस्ट की ओर से विशेष सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि कवि सम्मेलन ने यह साबित किया कि आजादी का जश्न केवल परेड व भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि साहित्यिक माध्यम से भी देशप्रेम को व्यक्त किया जा सकता है।

### यह रहे मौजूद

*इस मौके पर ट्रस्टी अमित शर्मा, दिनेश कुमार प्राचार्य, विपिन शर्मा, दयाराम शर्मा, समाजसेवी पवन यादव, निजी स्कूल संघ से भीमसेन शर्मा, राकेश शर्मा, हितेंद्र बोहरा, जितेन्द्र बोहरा, नमिता अग्रवाल, अमीचंद सैनी, डॉ. रवि, कृष्ण शर्मा एडवोकेट, सुरेश शर्मा कांवी, पूनम चौधरी, योगेंद्र यादव, जय भगवान खालेटा, सुनील चौधरी, नरोत्तम सोनी, सुनील कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार, मुरारीलाल शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, अजय कुमार, मुकुल शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सुरेश शर्मा, कौशल कुमार, दिनेश शर्मा, शिवप्रकाश, नवरत्न आदि मौजूद थे।*

## आर्य समाज मंदिर मोहल्ला खड़खड़ी में संगोष्ठी का आयोजन

# विभाजन की पीड़ा सुनकर भावुक हुआ माहौल, पीड़ितों को किया सम्मानित

बोधराज सिकरी ने कहा कि 1947 का विभाजन केवल भौगोलिक सीमाओं का नहीं, बल्कि अनगिनत दिलों, परिवारों और जीवन मूल्यों का बंटवारा था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देश के विभाजन की विभीषिका को याद करते हुए रविवार को आर्य समाज मंदिर मोहल्ला खड़खड़ी में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए विस्थापित परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए। जिनकी मार्मिक दास्तानों ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोधराज सिकरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने की। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर बोधराज सिकरी ने कहा कि 1947 का विभाजन केवल भौगोलिक सीमाओं का नहीं, बल्कि अनगिनत दिलों, परिवारों और जीवन मूल्यों का बंटवारा था। लाखों लोगों ने अपने घर, जमीन, रिश्तेदार और जीवन की पूंजी खोई। जिसकी स्मृति आज भी हृदय को विचलित कर देती है। भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव ने कहा कि अपने इतिहास को हमेशा याद करके उससे प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि उससे सबक ले सकें। जिलाध्यक्ष ने सभी से 14 अगस्त को फरीदाबाद मे होने वाले राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता विभाजन पीड़ित परिवारों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर उन्हें इस आयोजन में सम्मानित कर रहे हैं।



नारनौल। संगोष्ठी को संबोधित करते में मुख्य वक्ता बोधराज सिकरी। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्गों को किया सम्मानित

विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यह दिवस उन अनगिनत पीड़ितों के साहस, संघर्ष और बलिदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से इस त्रासदी को स्मृति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय उन पीड़ितों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि 1947 का विभाजन केवल घटना नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन का दर्द और बलिदान से जुड़ा अध्याय है। लाखों लोग अपने घर बार छोड़ने को मजबूर हुए, अनगिनत परिवार बिछड़ गए और असंख्य निर्दोषों ने अपनी जान गंवाई। यह दिवस हमें न केवल उस त्रासदी को याद करने का अवसर देता है, बल्कि राष्ट्र की एकता अखंडता और संस्कृति विरासत को संजोने का संकल्प भी दिलाता है। कार्यक्रम के दौरान विभाजन की त्रासदी झेल चुके कई बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने उस दौर के शहीदों, पीड़ितों व विस्थापितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और यह संकल्प लिया कि भविष्य में देश को ऐसी किसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, भाजपा महामंत्री किशनलाल बोहरा, योगेश शास्त्री, वासुदेव यादव, जोगेंद्र राजपूत, संदीप मालड़ा, विकास अग्रवाल, सरला यादव, संजय अमन, सुदर्शन बंसल, नरेंद्र झिमरिया, जेपी सैनी, जगदीश पासी, संजय मित्तल, महेंद्र गौड़, कप्तान रमेश, धर्मचंद छाबड़ा, नरेश गोगिया, अश्वनी कटारिया, पवन अरोड़ा, नंदलाल सेठी, किशनचंद कटारिया, जगदीश किंगर, देवी दयाल, मदनलाल गोगिया, प्रेमचंद, शंकरलाल धमीजा, राजकुमार बत्रा, बालकिशन सचदेवा सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता व अरोड़ा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट में दा वेदांता स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजय हासिल की है। अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना के बल पर न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंडर 11 श्रेणी में टग ऑफ वार प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं रीत, इशिका, कैटलीन, काव्या, खुशी, मीनल, मानसी, दीक्षा, भाविका, तक्षिका, आरूही व वंशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं छात्र वर्ग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी श्रेणी में वंशु पुत्री राजेश और रक्षित पुत्र सुरेश ने लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 श्रेणी में हर्षित पुत्र कमल यादव ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान तथा शॉट ट में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन सफलताओं के पीछे विद्यालय के कोच उज्ज्वल मौर्य व डीपी विनोद यादव के मार्गदर्शन का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर विजेता रहे सभी खिलाड़ियों का विद्यालय के चेयरमैनश्री विनोद कुमार यादव ने मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेलों का जीवन में बहुत अधिक महत्व है। खेल से न केवल हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की।



नारनौल। दा वेदांता स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## राव नेतराम स्कूल के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नारनौल।** शिक्षा विभाग की ओर से चार दिवसीय खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अन्तिम दिन राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए प्रतियोगिता मे दबदबा बनाए रखा। विद्यालय प्राचार्या अनिता देवी ने बताया कि लड़कियों टीम ने अन्डर-17 व 11 कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्डर-17 तीन किमी वाक रेस में प्रिया प्रथम व ट्रिपल जम्प में द्वितीय, 100 व 200 मीटर रेस, लॉग जम्प में सिमरन प्रथम, 800 मीटर रेस में प्रिया प्रथम, 1500 मीटर में खुशबू तृतीय, 3000 मीटर में नन्दनी प्रथम, लॉग जम्प व 100 मीटर रेस में नियति द्वितीय, 400 व 100 मीटर रिले रेस में नन्दनी, नियति, सिमरन, खुशबू प्रथम व अन्डर-14 रिले रेस में तनवी, ज्योति, दीपिका, निधि प्रथम, अन्डर-11 में दिक्षा लॉन्ग जम्प में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि खण्ड स्तर पर विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर विक्रम डीपीई, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।



नारनौल। राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# एसडी विद्यालय ककराला में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में रविवार को अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 1275 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने अध्यापकों के साथ विद्यार्थियों की अध्ययन सम्बंधी समस्याओं के समाधान, शैक्षणिक उपलब्धियों सहित अन्य गतिविधियों पर विचार विमर्श किया। अभिभावकों ने छात्र छात्राओं की प्रगति रिपोर्ट लेने के साथ उनकी दिनचर्या, व्यवहार समयसारिणी सम्बंधी पहलुओं के बारे में विषय अध्यापकों को परिचित करवाया।

विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बैठक को सम्बोंधित करते हुए कहा कि बैठक जागरूक अभिभावकों के लिए अध्यापकों से समय समय विचार विमर्श करने, विद्यार्थियों के लिए सही मार्ग का चयन व सहयोग का आधार है। उन्होंने कहा कि यह बैठक शैक्षणिक जानकारी के साथ पारिवारिक माहौल, व्यवहार से संबंधित बातों के आदान प्रदान के लिए आयोजित की जाती है। अध्यापक व अभिभावकों का विचार विमर्श छात्र के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। बच्चे के शैक्षणिक विकास में विद्यालय के साथ अभिभावक की भी अहम भूमिका होती है। उन्होंने बैठक में पहुंचे अभिभावकों का आभार जताया। इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश, सीईओ आरएस यदव सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।



कनीना। बैठक में विद्यार्थियों की समस्याओं पर विचार विमर्श करते शिक्षक व अभिभावक।

# देवयानी स्कूल में सीबीएसई खो-खो क्लस्टर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में सीबीएसई खो-खो क्लस्टर-15 का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खो-खो विश्वकप चैंपियन मीनू कुमारी मुख्यातिथि रही। मुख्यातिथि ने सरस्वती मां की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरियाणा स्पोर्ट्स डायरेक्टर गिरिराज विशिष्ट अतिथि रहे। गिरिराज ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थी के लिए खेल बहुत जरूरी हैं।

गिरिराज ने सभी खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि खेल जगत में क्रांति लाने के लिए वह हर समय आपके साथ खड़ा रहेंगे। मीनू कुमारी ने कहा कि दूर-दूर से आए सभी खिलाड़ियों का सौभाग्य है कि उनको इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्कूल, प्राकृतिक वातावरण में सुव्यवस्थित प्रबंधन के साथ खेलने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वह भी पहले ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि जो मुकाम उसने हासिल किया है, उसे कोई भी प्लेयर हासिल कर सकता हैं। अभी हाल ही में शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा आयोजित ब्लॉक लेवल और सीबीएसई क्लस्टर में खो-खो के अंडर-19 आयुवर्ग में ब्लॉक लेवल और सीबीएसई क्लस्टर में देवयानी स्कूल के लड़कों की खो-खो की अंडर-19 आयु वर्ग में विजेता रही टीम को वर्ल्ड कप चैंपियन मीनू कुमारी ने सम्मानित किया। छात्रा उमंग यादव, सेम राजपूत सिमरन, आयुषी ने अपने ग्रुप के साथ मिलकर बाहर से आए सभी अतिथियों का स्वागत गीत के साथ स्वागत किया। छात्रा जोया, निशा यादव, नैंसी राव, अंतिम यादव ने अपने ग्रुप के साथ सावन के गीत पर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। छात्र प्रदीप यादव ने इंडियन आर्मी में मेजर का रोल कर अपनी कुबार्नी के सीन पर सभी दर्शकों को इतना भावुक किया कि वहां बैठे सभी दर्शक अपने आंसू नहीं रोक पाए, इस नाटक का मुख्य उद्देश्य देश के युवा साथियों में देशभक्ति की भावना भरना हैं। छात्रा दीपांशु यादव, जानवी यादव, मही राव, हिमांशी यादव ने अपने ग्रुप के साथ मिलकर सुंदर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र दक्ष यादव, मधुर राव, आयुष चौहान, कुणाल राव ने अपने ग्रुप के साथ मिलकर पानी की बबार्दी के दुष्परिणाम को उजागर करते हुए माईन प्रस्तुत की। छात्रा कृतिक राव, दिव्या चौधरी, अंशु यादव, दीप्ति राव, विधि चौधरी, वंशिका यादव ने अपने ग्रुप के साथ मिलकर पंजाबी डांस किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने सभी अतिथियों का बुक्का और ट्रॉफी भेटकर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। अपने बच्चों की रिपोर्ट लेते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में हुआ अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस पीटीएम का उद्देश्य कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों की प्रगति के विषय में चर्चा करना था। इस विशेष आयोजन में कुल 832 अभिभावकों ने भाग लेकर न केवल अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को समझा, बल्कि विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के कार्यों की खुले दिल से सराहना भी की। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों की जुलाई माह में हुई मासिक परीक्षा के प्रदर्शन पर चर्चा करना और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक तीनों की सामूहिक भूमिका होती है। इस तरह के आयोजन से आपसी समन्वय मजबूत होता है। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल और प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार पारदर्शिता और संवाद बनाए रखा जाएगा।

# विजय इंटरनेशनल स्कूल में पीटीएम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि बैठक में कक्षा नर्सरी से 12वीं कक्षा के अभिभावकों ने भाग लिया। इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों तथा अध्यापकों के बीच सही से ताल मेल बैठाकर बच्चों का समुचित विकास करना होता है। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से अध्यापक तथा अभिभावक के बीच एक अच्छा संबंध स्थापित होता है, जिससे एक अध्यापक बच्चे को उसके सर्वांगीण विकास की राह पर ले जा सकता है। सचिव महेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में लगभग 1300 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं और विद्यालय की व्यवस्था में अभिभावकों की भूमिका अहम होती है। स्कूल के प्रदर्शन और शिक्षकों की मेहतन से अभिभावक काफी खुश व संतुष्ट नजर आए। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए, विद्यालय की आगामी रणनीति पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन विजय यादव टूमना, सचिव महेंद्र सिंह, प्रिंसिपल नत्थू सिंह, वाइस प्रिंसिपल अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। बैठक में उपस्थित अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

# विदेशी कंपनियों का बहिष्कार करने के लिए अभियान का हिस्सा बनें, घुटने टेकेगा अमेरिका: सत्यव्रत शास्त्री

**नारनौल।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद भारत की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी, लोगों का विश्वास बढ़ेगा। जब जब अमेरिका या विश्व शक्तियों ने भारत के बढ़ते कदमों को रोकने की कोशिश की है। तब तब भारत की प्रतिभा ने भारत के जनमानस ने मिलकर उनको कड़ा जवाब दिया है। यह बात प्रेस के नाम जारी एक विज्ञप्ति में निदेशक सांस्कृतिक अहीरवाल सत्यव्रत शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से पोखरण में परमाणु के सफल परीक्षण करने के बाद अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों पर उन्हें एक घटना याद आती है, तब वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम वर्ष के शिक्षण के लिए भिवानी के राधा स्वामी सत्संग ब्यास परिसर में थे। उस वर्ग के समापन समारोह में किसान मजदूर की आत्मा की आवाज बने दत्तो पंत ढेंगडी का उद्बोधन हुआ। जिसमें उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों पर एक कहानी सुनाई। किसी गांव में एक व्यक्ति अपनी पत्नी को बार बार यह कहता कि मेरा यह काम कर दो वरना मैं घर छोड़ जाऊंगा और पत्नी इतनी भयभीत थी कि और सब काम छोड़कर वह जैसे आवाज देते हैं।





# खबर संक्षेप



## खटीक सभा के प्रधान बने सुभाष चौहान

**नारनौल।** मोहल्ला फ्रांसखाना स्थित खटीक धर्मशाला में खटीक सभा का चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रधान सुभाष चंद चौहान को चुना गया। चुनाव अधिकारी पूर्व प्राचार्य नंद किशोर तंवर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोहन लाल चौहान को उपप्रधान, किशन चंद बहल को सचिव, संदीप कुमार को सहसचिव, गोकुल चंद दायमा को कोषाध्यक्ष एवं गोबिंद्र को मीडिया प्रभारी चुना गया है।

## सुरेश चुने गए स्वामी वैष्णव उत्थान संस्थान के प्रधान

**नारनौल।** स्वामी वैष्णव उत्थान संस्थान का चुनाव सिटी मैरिज पैलेस में संपन्न हुआ। यह चुनाव आपसी सहमति से सम्पन्न हुआ। जिसमें पूर्व प्रधान रामफल स्वामी को संरक्षक, कप्तान सुरेश स्वामी को प्रधान, रामोतार को उपप्रधान, रमेश सरपंच निवाजनगर को उपप्रधान, प्रदीप स्वामी को महासचिव, जितेंद्र स्वामी गुजरवासिया को सचिव, विक्रम स्वामी को खजांची, राजकुमार को मीडिया प्रभारी चुना गया है।

## प्रजापति विकास समिति कनीना की बैठक 14 को

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव दौंगड़ा जाट के बाबा भैया मंदिर में प्रजापति विकास समिति ब्लॉक कनीना की एक बैठक 14 अगस्त को की जाएगी। जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता शिवमदीप ने बताया कि इस बैठक में नवनियुक्त प्रधान ठेकेदार बलवान सिंह को समिति की जिम्मेवारी दी जाएगी, जिससे नई कार्यकारिणी के साथ मिलकर समिति को मजबूती करने के साथ- साथ प्रजापति समाज के उत्थान के लिए सभी संगठनों के साथ मिलकर समाज हित में कार्य करेंगे।

## सुदंरह में हनुमानजी का मेला 14 को

**कनीना।** गांव सुंदरह में भाद्रोबदी पंचमी तिथि 14 अगस्त को हनुमानजी के विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। सूबेदार मुनीलाल शर्मा ने मेला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश प्रधान के हवाले से बताया कि स्वर्गपुरी आश्रम स्थित बाबा सतनाम दास प्रांगण में प्रतिवर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूरदराज से आकर श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। सरपंच सत्यवीर यादव ने बताया कि मेले में भंडारे सहित खेलकूद प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आज

**नारनौल।** बीपीएस स्कूल में हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली स्कूली खेलों की जिला स्तरीय खेल स्पर्धाओं का आयोजन 11 अगस्त से आरंभ होगा। खेल आयोजन समिति के सचिव नरेंद्र कुमार डीपीई ने बताया कि बीपीएस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में योग की सभी स्पर्धाओं का आयोजन सुबह नौ बजे से होगा।

# महावीर चौक से पुल बाजार का मार्ग का अतिक्रमण हटाने व मेडिकल कॉलेज कोरियावास तक सिटी सेवा चलाने की मांग

■ नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग लाइन नहीं होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित कार्यालय साध्वी बहन मिश्रीदेवी आश्रम में प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व संगठन के वरिष्ठत्तम सदस्य पूजा अस्पताल वाले मास्टर किशनलाल शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत परंपरानुसार जिन–जिन सदस्यों का जन्मदिन बैठक के माह में आता है, उन उपस्थित सदस्यों गणेश हरित, बालकिशन सैनी, मास्टर भागीरथ प्रसाद एवं महेन्द्र शर्मा को सम्मानपट पहनाकर सम्मानित किया गया।

संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरि अग्रवाल द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर बिशन सिंह एवं सुभाष यादव को संगठन की सदस्यता देने की स्वीकृति दी गई। शिवलाल वर्मा ने बताया कि हुडा सेक्टर में भाई रामसिंह के निवास स्थान के पास डिवाइडर तक पानी भर जाता है, उसका समाधान करवाया जाए, क्योंकि सड़क पर छोटे और बड़े वाहन तेजी से निकलते हैं तो गंदे पानी के छींटे लगते हैं। उन्होंने यह भी मांग की कि अब महर्षि च्यवन मेडिकल कोरियावास ने कार्य करना शुरू कर दिया है। इसलिए वहां तक आने–जाने के लिए बस स्टैंड, रेलवे-स्टेशन और महावीर चौक से लोकल बस अथवा ऑटो सर्विस चलाई जाए। महेन्द्र शर्मा ने बताया कि सिविल अस्पताल में ओपीडी में डॉक्टरों को दिखाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग लाइन का प्रावधान नहीं है। इसलिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुरोध है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से लाइन लगवाई जाए, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को कोई असुविधा न हो।



नारनौल। वरिष्ठ नागरिकों की बैठक को संबोधित करते प्रधान दुलीचंद शर्मा।

### समस्याओं का करवाया जाए शीघ्र समाधान

एडवोकेट राजकुमार चौधरी ने बताया कि हुडा सेक्टर में सभी सीवर चॉक हो रहे हैं। इसलिए नगर परिषद व जिला प्रशासन से अनुरोध है कि वर्णित समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र करवाया जाए। संगठन के संरक्षक एवं सेठ गणेशीलाल मेमोरियल एवं चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अजीतप्रकाश जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति उनके ट्रस्ट की ओर से मास नवम्बर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमे राजकीय प्राथमिक विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क स्वेटर, जूते व जुराब आदि वितरित किए जाते हैं। प्रतिभावान छात्रों व शहर की गोशालाओं को पुरस्कृत किया जाता है, जिसमें वरिष्ठ नागरिक संगठन भी सहयोग करता है। इसलिए इस वर्ष भी इस कार्यक्रम के लिए संगठन उनका सहयोग करे, जिस पर सभी सदस्यों ने स्वीकृति दी।

### यह रहे मौजूद

बैठक में विजय सिंह यादव, एसएल चौहान, भागीरथ प्रसाद, हरीराम गुप्ता, बीएल सैनी, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, सुरेश भारद्वाज, गणेश हरित, उत्तमसिंह, शिवलाल वर्मा, पीसी जैन, महेंद्र कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार वर्मा, प्रताप सिंह राजपूत, रामबिलास यादव, रविन्द्र कुमार चौधरी, रामनिवास सैनी, बालकिशन सैनी, हरिद्वारीलाल वर्मा, सुभाष यादव, गणपत राम सैनी, ब्रह्मप्रकाश रोहिल्ला, नरेंद्र कुमार धोलिया, जसवंत सिंह यादव, रोहतास सिंह लाम्बा, चौ. दलीप सिंह, लक्ष्मीनारायण आर्य, उमादत्त शर्मा एवं एडवोकेट बृजमोहन आदि उपस्थित रहे।

## प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का करना पड़ रहा है सामना

# राजकीय कॉलेज के खेल मैदान में ट्रैक पर डाल दिए रोड़े, खिलाड़ी हो रहे परेशान

18 मई को सीएम के उड़न खटोले के लिए राजकीय कॉलेज के खेल मैदान में रोड़े डाले गए थे तब सरकार ने इसे नहीं हटाया। खिलाड़ी परेशान हो रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सरकार की ओर से खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा सीएम नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर राजकीय कॉलेज के ट्रैक पर रोड डलने से प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेल मैदान में प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम आगमन पर रोड़े डालकर आवागमन का मार्ग बनाया था तथा हेलीपेड से खेल मैदान के बीच टाइलों का रोड बनाया था। करीब ढाई महीने बीतने के बाद भी इस मैदान को साफ नहीं करवाया गया है। मैदान में रोड़े डाले जाने से यहां प्रतिदिन खेलों व भर्ती को लेकर प्रैक्टिस के लिए शहर व क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आने वाले सैकड़ों खिलाड़ियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि 18 मई को महेंद्रगढ़ के खेल स्टेडियम में सीएम की रैली थी। रैली को सफल बनाने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला दिन-रात जुटा रहा। सीएम के उड़न खटोले के लिए राजकीय कॉलेज के खैल मैदान को चुना गया, जहां से सीएम को सीधे साथ लगते खेल स्टेडियम में रैली स्थल तक पहुंचने के लिए हैलीपैड से रातोंरात टाइल रोड बना दिया गया। इतना ही नहीं इस खेल मैदान के प्रवेशद्वार से लेकर स्टेडियम तक मैदान के ट्रेक के ऊपर से रोड़े डालकर एक ओर आवागमन का मार्ग बनाया गया था ताकि अधिकारियों का आवागमन इस अंदर के रास्ते से हो सके। लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक प्रैक्टिस ट्रैक से रोडे नहीं हटाए गए हैं। मजबूरी में खिलाड़ी रोड़ के ऊपर दौड़ने को मजबूर हैं।



महेंद्रगढ़। राजकीय कॉलेज के खेल में मैदान में डाले गए रोड़े। फोटो : हरिभूमि

### काफी संख्या में खिलाड़ी करते हैं अभ्यास

स्थानीय खेल स्टेडियम में सुबह-शाम भारी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं। इसके अलावा सेना में जाने वाले युवा भी इसी खेल मैदान में अभ्यास करते हैं। इस खेल स्टेडियम यहां खिलाड़ियों के पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं हैं। खिलाड़ी अपने घर से पानी लेकर स्टेड़ियम में आते हैं।

### दूसरे खेल मैदान की भी हालात खस्ता

सरकार द्वारा राजकीय कॉलेज के खेल मैदान के बराबर में एक ओर खेल मैदान बनाया हुआ हैं। वहां की हालात भी अब खस्ता हो चुकी हैं। अब स्टेडियम के भवन की हालात ऐसी है कि भवन में लगे शीशे शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिए गए हैं। टूटे हुए शीशे स्टेडियम के भवन में बिखरे हुए हैं। यह शीशे किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा भवन के सभी दरवाजे व खिडकियां गायब हो चुकी हैं। इसके अलावा खिलाड़िया के दौड़ने के लिए बनाया गया ट्रैक भी कच्चा हैं। यह भी साइड से पूरी तरह से टूट चुका हैं। इसके अलावा भवन में जिम के लिए लगाई गई मशीन भी कबाड़ हो चुकी है। जो साइड के कमरे में पड़ी हुई है।

### रैली तो सफल, अब खिलाड़ी परेशान

रैली को लेकर खिलाड़ियों का कुछ दिन तक अभ्यास भी बंद रहा। खिलाड़ियों को उम्मीद थी कि रैली के बाद कॉलेज प्रशासन व संबंधित अधिकारी मैदान को खेलने के लिए ठीक करवा देंगे। अब रैली को हुए करीब ढाई माह बीत रहे हैं। अधिकारी सीएम की रैली का आयोजन करवाकर चले गए और अब खिलाड़ियों की समस्या पर ना तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही कॉलेज प्रशासन इस ओर कोई ध्यान दे रहा है। 18 मई को रैली को लेकर प्रशासन ने अपना काम साधा और चले गए। इस मैदान में ट्रेक पर रोड़े डालकर छोड़े जाने से खिलाड़ियों को प्रैक्टिस में काफी परेशानियां आ रही है।



नारनौल। अभियान की शुरूआत करते जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा।

## ग्राम जल व सीवरेज समितियां करेंगी स्वच्छ सुजल प्रतिज्ञा समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी अभियान हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के संग को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल व स्वच्छता सहायक संगठन प्रदेशभर में आठ से 15 अगस्त तक आयोजित कर रहा है। निदेशक जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य 79वें स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को स्वच्छता व पर्याप्तता के लक्ष्यों के साथ जोड़ना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक वॉश यानी जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य मिशन को समर्थन मिले। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि चीफ इंजीनियर कम निदेशक राजीव बातीष ने पत्र के माध्यम से निर्देश में कहा है कि इस अभियान के संचालन के दौरान जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार व खंड संसाधन संयोजक की ओर से गतिविधियां सुनिश्चित की गई हैं। इनमें स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का समन्वय व कार्यान्वयन सुनिश्चित करना शामिल है। सफाई अभियान, वॉश संबंधित संपत्तियों जैसे शौचालय, पीने के पानी की टंकियां, पाइप लाइन, हैंड पंप की सफाई करवाना शामिल है।

### हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां जारी

जिला सलाहकार ने बताया कि निदेशक के आदेशानुसार जिले में गतिविधियां जारी हैं। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंचने के लिए रूट मैप तैयार कर लिया गया है। इसमें बीआरसी व आरएमई स्टाफ के साथ माई भारत पोर्टल से जुड़े युवा स्वयंसेवक कार्य को अंजाम देंगे। प्राथमिक तौर पर पेवरा, छिलरो, मारोली, धानोता, दुबलाना, दौंगड़ा अहीर, गुवानी, मित्रपुरा, बलाना, ढाढोत, माधोगढ़, सतनाली, इसराना, छितरोली, सिहमा, नियाजलीपुर, अमरपुर जौरासी, डोहर खुर्द, बवानाए भांडोर में इस अभियान को संचालित किया जा रहा है। 15 अगस्त तक जिले की अधिकतर ग्राम पंचायतों को कवर कर लिया जाएगा।



नारनौल। विजेता पहलवान को सम्मानित करते मुख्य अतिथि नप उपप्रधान संजय यादव।

## मोड़ावाला मंदिर में आयोजित मेले में गोलू पहलवान ने जीता अखाड़ा

**नारनौल।** रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर मोड़ावाला मंदिर में धूमधाम से मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिनभर भंडारा चला, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। शाम को दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें पहलवानों ने अपनी कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया और जौहर दिखाए। रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर आयोजित इस मेले में श्रद्धालुओं ने मोड़ावाला मंदिर में आकर पूजा-अर्चना की और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मेले ने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को एकसाथ आने और आपस में जुडने का अवसर प्रदान किया। मेले में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया। इस मौके पर नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कुश्ती संयोजक भवेश मित्तल थे। उनके साथ ही धर्मेंद्र उर्फ पप्पी भोजावासिया, धर्मेंद्र गुसाईं, अनिल कुमार, अजीत प्रधान, टाइगर क्लब के प्रधान राकेश यादव एवं राकेश गर्ग आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## स्वर्णकार संघ के चेयरमैन का समाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वर्णकार संघ के चेयरमैन एवं मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सज्जन लावट का नारनौल आगमन हुआ, जिस पर स्वर्णकार समाज के गणमान्य लोगों ने अभिनंदन किया। पूर्व नगर पार्षद दयानंद सोनी के निवास स्थान मां पाना देवी सदन पर चेयरमैन के अर्धांगिनी सहित पधारने पर मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के प्रधान राजेन्द्र प्रसाद, नारनौल सराफा एसोसिएशन के प्रधान सुरेन्द्र सोनी, राजनीतिक भागीदारी मंच के जिला प्रधान शंकरलाल सोनी, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के उपप्रधान भारत जौहरी, महासचिव धर्मेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष गोरव सोनी, सतीश सोनी, महेंद्र सोनी, अशोक मास्टरजी, मदनलाल सोनी, अमरनाथ सोनी, जिला प्रभारी योगेन्द्र सोनी, दौलत राम सोनी, शेरसिंह सोनी, मोतीलाल सोनी, कृष्ण सोनी, सुभाष नेताजी आदि सभी ने फूलमालाओं, शाल एवं पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया और स्वर्णकार समाज की तरफ से स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर चेयरमैन सज्जन लावट ने सभी स्वर्णकार समाज के लोगों को एकजुटता में रहकर अपने हक की बात राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर रखने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्व पार्षद दयानंद सोनी ने उपस्थित सभी गणमान्यजनों का आभार व्यक्त किया।



नारनौल। कुलताजपुर रोड पर चेयरमैन का स्वागत करते स्वर्णकार समाज के लोग।

## तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारा स्वतंत्रता संग्रामः कंवर सिंह



महेंद्रगढ़। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक कंवर सिंह।

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह के कार्यालय पर 15 अगस्त के निमित्त होने जा रही महेंद्रगढ़ विधानसभा में तिरंगा यात्रा के लिए कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, तिरंगा यात्रा जिला सयोजक अजीत सिंह कलवाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री योगेश शास्त्री ने किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान है। पिछले महीने आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गई थी। अब भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 10 से 14 अगस्त तक पूरे हरियाणा प्रांत में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। विधायक ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं है। यह हमारे भीतर राष्ट्र के प्रति समर्पण और बलिदान की भावना जगाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर देश की प्रगति में अपना योगदान दें। महेंद्रगढ़ विधानसभा तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को सुबह 10 बजे सैनीपुरा से शुरू होकर परशुराम चौक, सब्जी मंडी, बालाजी चौक, आंबेडकर चौक, सीएसडी कैंटीन, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर समापन होगी। जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने बताया कि पूरे देश मे स्वतंत्रता दिवस को पर्व के साथ मनाया जाता है। 10 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक लगातार पांच दिन तक तिरंगा यात्राएं और अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिला संयोजक तिरंगा यात्रा अजीत सिंह कलवाड़ी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हर कार्यकर्ता के लिए गर्व और सेवा का अवसर है।



मंडी अटेली। कांटी के गणेश दास मंदिर में दीप जलाकर शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ करते हुए।

## भगवान श्रीराम का अनुकरण करने से मिलती है शिव की कृपाः कमलदास बापू

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव कांटी में गणेश दास जी के मंदिर में रविवार से सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ अटेली मंडी निवासी जनसेवा मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछौदिया के भतीजे युविक बाछौदिया द्वारा दीपक जलाकर किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अटेली के उपप्रधान अजीत बाऊजी, अटेली जिला पार्षद वार्ड नंबर सात के ठाकुर अजीत सिंह, अटेली नगर पार्षद अशोक जांगिड़, सक्षम कौशिक, दक्ष शर्मा व दीपक जांगिड़ आदि उपस्थित रहे। कथा का वाचन चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश से पधारे शिवमहापुराण कथा के राष्ट्रीय कथा वाचक राष्ट्रीय संत स्वामी कमलदास बापू ने किया। उन्होंने आज पहले दिन की श्री शिवमहापुराण कथा की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की कृपा उसी पर होती है, जो भगवान राम का अनुकरण करता है अन्यथा नहीं। कथा के पूर्व कथा के प्रमुख यजमान रामकृपाल सिंह के नेतृत्व में गणेश दास के मंदिर से गाजे बाजे के साथ एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भाग लेने वालों में मंदिर पुजारी पंडित हरीशंकर दुबे, पंडित अमित तिवारी, पंडित हर्षकांत शर्मा, गणेश दास महाराज मंदिर के प्रधान हरीसिंह, दीपक सिंह, लीलाराम, भूपेंद्र सिंह, अजीत सिंह, अमित सिंह, रमन सिंह तथा सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई

# सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति खंड महेंद्रगढ़ के प्रधान बने विकास

■ चुनाव अधिकारी एडवोकेट भीमसिंह दहिया व सहायक चुनाव अधिकारी ने सहमति बनने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर में महेंद्रगढ़ समिति के त्रिवार्षिक खंड स्तरीय चुनाव करवाने के संबंध में समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन करते हुए समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्थाए दिल्ली के वाईस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने सभा में गत बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई। जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया गया। इसके बाद गोठवाल ने सभा को सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति की ओर से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी।

इसके बाद चुनाव अधिकारी एडवोकेट भीमसिंह दहिया व सहायक चुनाव अधिकारी खण्ड नारनौल के प्रधान सुरेश नारनौलिया व पूर्व लेखाकार हरिराम सिरोहा की अगुवाई में खण्ड महेंद्रगढ़ के विभिन्न पदों का आम सहमति से निर्विरोध चयन कर दिया गया।

जिसमें प्रमुख सलाहकार संतलाल खिंची महेंद्रगढ़, प्रधान विकास कुमार खिंची बचीनी, वरिष्ठ उप प्रधान हरिसिंह खातोद, उप प्रधान राजेंद्र जालवान कोथल खुर्द, सचिव सुमेर सिंह चौहान बधवाना और कोषाध्यक्ष विजयपाल सिसोठ को आम सहमति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया।



नारनौल। समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत

समिति की ओर से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर व डॉ. भीमराव अम्बेडकर की फोटो भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति के प्रमुख सलाहकार लालाराम नाहर ने सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। खण्ड महेंद्रगढ़ के प्रधान विकास खिंची ने आश्वासन दिया कि समाज के हक, अधिकार और सामाजिक न्याय की लड़ाई में महेंद्रगढ़ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी हमेशा अहम भूमिका निभाएगी। समिति प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने सफल व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया और खण्ड अटेली के आगामी चुनाव धनौंदा स्कूल में 17 अगस्त को करवाने की पुष्टि की। इस मौके पर समिति के पूर्व डीएफओ वीरसिंह गोठवाल, मास्टर ताराचंद, थानेदार महावीर प्रसाद, पूर्व चीफ मैनेजर प्रेम सरोहा, पूर्व प्रधान रोशनलाल निंबल, सहीराम कलोरिया, सुरेश जालवान, भोमराज, चेयरमैन सुंदरलाल जोरासिया, दीपक कुमार, शीशराम जाखड़ आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे।